हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 15 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 13.6 डिग्री

12 महर्षि विद्यालय में मनाया गया ज्ञान युग दिवस एवं



12 आमाकोनी में 4.46 करोड़ के विकास कार्यों का...





## खबर संक्षेप

### पिता-पुत्र से मारपीट

**महासमुंद।** बाइक को तेज रफ्तार चलाने से मना करने पर दो लोगों ने पिता-पुत्र की पिटाई कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को खेमलाल साव ने बताया कि 12 जनवरी की शाम वह अपने पुत्र सुनील साव के साथ रोड किनारे टहल रहे था। इसी दौरान ओमप्रकाश राणा अपनी मोटर सायकल में जयप्रकाश राणा को पीछे बिठाकर तेज गति से चलाते हुए आए, जिसे तेज रफ्तार वाहन चलाने से मना किया, इस पर बाइक चालकों द्वारा तुम लोग कौन होते हो मना करने वाले कहकर गाली गलौज कर मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** स्कूटी से शराब परिवहन कर रहे दो लोगों के खिलाफ बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति गढपटनी जाने के मार्ग में शराब भट्ठी से अपने वाहन बिना नंबर पीले रंग वाली स्कूटी एक्टिवा में बिक्री हेतु अवैध रूप से प्लेन शराब लेकर निकलने वाले है। इसके बाद मौके पर पहुंचकर आरोपियों को रूकवाकर पूछताछ की गई जिस पर उन्होंने अपने नाम सुनील अग्रवाल एवं सुरेश अग्रवाल बताए। आरोपियों के कब्जे से 55 नग शोले देशी प्लेन शराब कीमत 4,400 रुपए जब्त किया गया है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### मारपीट से एक घायल

**महासमुंद।** रकम वापस मांगने के नाम पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में पटेवा थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी अंजोर विश्वकर्मा पटेवा निवासी ग्राम नवागांव ने बताया कि 13 जनवरी की दोपहर करीबन 1.30 बजे वह अपने घर के सामने काम कर रहा था, तभी गांव का महेश खडिया आया और तुम्हें 500 रुपए दिया हूं वापस नहीं दे रहा है, कहकर गाली गलौज करते हुए हाथ-मुक्का व ईंट के टुकड़े से मारपीट किया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# महासमुंद-गरियाबंद सीमा पर दो दिवसीय घोंडूल मेले का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मकर संक्रांति का पर्व बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में महासमुंद और गरियाबंद जिले की सीमा पर स्थित हथखोज महानदी के तट पर बुधवार को पारंपरिक घोंडूल मेले का आयोजन हुआ है। इस मेले को लेकर प्रशासन और स्थानीय आयोजकों ने सभी तैयारियां पहले से ही पूरी कर ली हैं। हथखोज महानदी तट की अपनी एक विशेष धार्मिक महत्ता है। यहां मकर संक्रांति के अवसर पर बड़ी संख्या में ऐसे श्रद्धालु पहुंचते हैं, जिन्हें संतान की चाह होती है।

मान्यता है कि पवित्र महानदी में स्नान और पूजन के बाद नदी की रेत पर सूखा लहरा लेने से संतान सुख की प्राप्ति होती है। इसी अटूट विश्वास के साथ हर साल महासमुंद, गरियाबंद, रायपुर, भिलाई, दुर्ग, और बलौदाबाजार जैसे दूर-दराज के जिलों से हजारों लोग यहां अपनी मन्नतें लेकर पहुंचते हैं। महानदी की रेतीली गोद में मेले का बाजार पूरी तरह सज रहा।

यहां आने वाले दर्शनार्थियों के लिए मिठाई, कपड़े, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, फैंसी और मनिहारी सामानों की सैकड़ों दुकानें लगाई गई रही हैं। बच्चों के मनोरंजन के लिए बड़े झूले सजे रहे हैं। कई श्रद्धालु मेले का आनंद लेने के लिए एक दिन पहले ही आयोजन स्थल पर डेरा डाल चुके रहे।

## संतान प्राप्ति की आस में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, श्रद्धालुओं ने लिया सूखा लहरा

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

मेले में उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई है। बघनई और सूखा नदी के संगम स्थल पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए महासमुंद और गरियाबंद दोनों जिलों के 40 से अधिक पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। स्नान और पूजा के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल मुस्तैद रहे।



### शुभ मुहूर्त

ज्योतिष गणना के अनुसार, ग्रहों के राजा सूर्य देव मंगलवार रात को धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश कर चुके हैं। इसी कारण 14 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व मनाना विशेष शुभ माना जा रहा है। सूर्य के उत्तरायण होने के साथ ही खरमास भी समाप्त हो रहा है। हालांकि, इस वर्ष शुक्र के अस्त होने के कारण विवाह जैसे मांगलिक कार्यों के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। विवाह के शुभ मुहूर्त फरवरी 5, 6, 8, 10 फरवरी से शुरू होकर अप्रैल और मई तक चलेंगे।

## कार्रवाई : जिले में बकाया बिजली बिल वसूली अभियान तेज

# 185 उपभोक्ताओं की लाइन काटी गई, लाखों रुपयों की हुई वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बकाया बिजली बिल की वसूली के लिए अधीक्षण अभियंता वाय के मनहर के निर्देशन में महासमुंद संभाग में चलाए जा रहे सघन अभियान के क्रम में महासमुन्द वृत्त के कार्यपालन अभियंता पीआर वर्मा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कोमाखान उपसंभाग अंतर्गत 13 एवं 14 जनवरी को बड़े स्तर पर लाइन विच्छेदन की कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान कोमाखान वितरण केंद्र में कुल 10 लाख 71 हजार 61 रुपये बकाया वाले 89 उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति सामूहिक रूप से विच्छेदित की गई। इनमें उत्तम यादव, प्रीतम दास, तुलसीराम, जानूराम (मनकी), सेवामरा साहू (बिडोरा), कन्हैया लाल साहू, चैतूराम बमन चंद्राकर, विश्राम घनीराम (मौलीमुड़ा कसीबाहरा), जितेंद्र धीवर, कोमल चंद्राकर, श्यामलाल यादव, देवाग्य चंद्राकर (कोमाखान), भोजराम चंद्राकर, ठाकुर राम सिन्हा (बकमा) सहित अन्य उपभोक्ता शामिल हैं। लाइन विच्छेदन के पश्चात 37 उपभोक्ताओं द्वारा तत्परता दिखाते हुए कुल 4 लाख 37 हजार 19 रुपये का भुगतान किया गया।

इसी प्रकार नर्रा वितरण केंद्र अंतर्गत 10 लाख 68 हजार 392 रुपये बकाया वाले 96 उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति भी काटी गई। यहां भी लाइन कटने के बाद 37 उपभोक्ताओं ने 2 लाख 59 हजार 908 रुपये की राशि जमा कराई। कार्रवाई के दौरान एक विशेष मामले में मुकेश श्रीवास्तव द्वारा फोटो स्टूडियो में 550 वॉट का डायरेक्ट भार अवैध रूप से उपयोग करते हुए पाया गया। इस पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत कार्रवाई करते हुए स्थल निरीक्षण एवं पंचनामा तैयार किया गया।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि राजस्व वसूली की यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उपभोक्ताओं की सुविधा एवं पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए अब आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। स्मार्ट मीटर एवं ऑनलाइन जीपीएस सिस्टम के माध्यम से बिना मौके पर जाए ही कनेक्शन विच्छेदन की सुविधा लागू की गई है।



### जारी रहेगी कार्रवाई

विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन उपभोक्ताओं द्वारा लाइन विच्छेदन के बाद अनधिकृत रूप से बिजली आपूर्ति जोड़ी जाती है, उनके विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 के अंतर्गत सख्त कार्यवाही की जाएगी। अतः उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि असुविधा से बचने के लिए अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान प्रतिमाह समय पर सुनिश्चित करें।

### 40 लाख के बकायादारों की लाईन कटी

महासमुन्द संभाग में अब तक इस तकनीक के माध्यम से 132 उपभोक्ताओं के कनेक्शन ऑनलाइन काटे जा चुके हैं, जिन पर कुल 40.53 लाख रुपये का बकाया था। कनेक्शन कटते ही 45 उपभोक्ताओं ने तत्काल 6.49 लाख रुपये जमा कराए, जिसके बाद सिस्टम के माध्यम से उनकी बिजली आपूर्ति तुरंत बहाल कर दी गई।

# वन विभाग की बड़ी कार्रवाई: 10 लाख से अधिक की अवैध लकड़ी और ट्रक जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

जिले के वन विभाग ने अवैध लकड़ी तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई में बेशकीमती तेंदू के लट्ठों से लदे एक ट्रक को पकड़ा गया है, जिसकी कुल कीमत 10 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है।

**तेज रफ्तार ट्रक ने बढ़ाया संदेह:** मिली जानकारी के अनुसार, वन मंडलाधिकारी मयंक पाण्डेय (आईएफएस) एवं संयुक्त वन मंडलाधिकारी सरायपाली यूआर बसंत के कड़े निर्देशों पर क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए निरंतर गश्त की जा रही है। इसी क्रम में 10 जनवरी 2026 की शाम करीब 6 बजे पदमपुर रोड पर ग्राम पलसापाली के समीप एक तेज रफ्तार वाहन संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया। ड्यूटी पर तैनात टीम ने आशंका होने पर वाहन को घेराबंदी कर रोका। जब वाहन की तलाशी ली गई, तो अधिकारियों ट्रक में भारी मात्रा में अवैध लकड़ी लदी हुई मिली।

ट्रक वाहन क्रमांक यूपी 82 टी 6160 में 123 नग तेंदू लट्ठा (कुल आयतन 5.432 घन मीटर) जब्त किया। जिसकी कुल अनुमानित मूल्य 10,30,069 रुपए है। वन विभाग ने तत्काल प्रभाव से लकड़ी और वाहन को जब्त कर लिया है। वर्तमान में संबंधित वनोपज और ट्रक को राजसात करने की वैधानिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### सराहनीय रही टीम की भूमिका

इस सफल ऑपरेशन का नेतृत्व वन परिक्षेत्र अधिकारी बसना सुखराम निराला ने किया। उनके कुशल संचालन में सहायक परिक्षेत्र अधिकारी बैजनाथ बारिक, वनरक्षक जगबाई रत्नाकर (परिसर रक्षी गढ़फुलझर), कुंदनलाल पटेल (भृत्य) एवं वन सुरक्षा श्रमिकों की टीम ने मुस्तैदी दिखाई। उच्च अधिकारियों ने पूरी टीम की सहभागिता और तत्परता की सराहना करते हुए कहा है कि क्षेत्र में अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## अखाद्य रंग के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार जिले में खाद्य पदार्थों में जलेबी रंग के नाम से उपयोग किए जा रहे अखाद्य रंगों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा गोल बाजार महासमुंद स्थित खाद्य परिसरों एवं किराना दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 4 फर्मों में अखाद्य मेटानिल येलो रंग विक्रय के लिए रखा पाया गया जिसमें बाजार वार्ड महासमुंद के मेसर्स आदित्य एजेंसी, मेसर्स बिंदेश्वरी किराना, मेसर्स महालक्ष्मी किराना एवं मेसर्स हरे माधव ट्रेडर्स शामिल है। उक्त सभी दुकानों से कुल 51 नग अखाद्य मेटानिल येलो रंग बरामद किया गया। खाद्य कारोबारियों को नियमानुसार समझाइश देते हुए मौके पर ही समस्त अखाद्य रंगों को नष्ट कराया गया। अभिविहित अधिकारी उमेश वर्मा ने बताया कि साथ ही किराना व्यापारी संघ के पदाधिकारियों से चर्चा कर बाजार से इस प्रकार के अखाद्य रंगों को पूरी तरह हटाने के संबंध में आग्रह किया गया, जिस पर संघ द्वारा आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया गया। इसी जांच के दौरान 4 मीठा सुपारी के निगरानी नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए हैं। जनस्वास्थ्य के हित में जन जागरूकता के उद्देश्य से निगरानी जांच की कार्यवाही सतत जारी है। खाद्य पदार्थों में किसी भी प्रकार के अखाद्य रंगों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है तथा भविष्य में भी इस प्रकार की शिकायतों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## नेशनल हाईवे 53 पर पलटा तेज रफ्तार वाहन, बाल-बाल बचे लोग, ब्लाइंड स्पॉट बन रहा हादसों का सबब

**महासमुंद।** जिले के नेशनल हाईवे 53 पर बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। पिथौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत टप्पासेवैया गुरुद्वारा के पास एक तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर ही पलट गई। गनीमत यह रही कि जिस समय यह दुर्घटना हुई, वहां कोई राहगीर मौजूद नहीं रहा, जिसके चलते एक बड़ी जनहानि टल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहन की गति काफी तेज थी, जिसके कारण चालक नियंत्रण खो बैठा। हादसा इतना जबरदस्त था कि वाहन में लदा खनिज मटेरियल पूरी सड़क पर बिखर गया। नेशनल हाईवे जैसी व्यस्त सड़क पर मलबा फैलने के कारण यातायात प्रभावित होने लगा था। घटना की सूचना मिलते ही पिथौरा पुलिस की टीम तत्परता से मौके पर पहुंची। पुलिस ने यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए तुरंत जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद से सड़क पर बिखरे मलबे को हटवाया। टप्पासेवैया का यह चौक अब स्थानीय लोगों और वाहन चालकों के लिए चिंता का विषय बन गया है। इस स्थल को ब्लाइंड स्पॉट माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के बीच बने डिवाइडर पर लगाए गए ऊंचे पौधों और मार्ग के हल्के मोड़ के कारण सामने से आने वाले वाहन स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते। डिवाइडर पर लगे पौधों की वजह से सड़क पार करते समय दूसरी ओर से आ रहे वाहनों का अंदाजा नहीं मिल पाता। चौक पर हल्का घुमाव होने के कारण तेज रफ्तार वाहनों को संभालना मुश्किल होता है। हाईवे पर वाहनों की बेलगाम रफ्तार अक्सर दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बनती है। प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि इस ब्लाइंड स्पॉट को सुरक्षित बनाया जा सके और भविष्य में होने वाले हादसों पर रोक लगाई जा सके। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है और चालक की स्थिति की जानकारी जुटा रही है।

# कांग्रेस ने गुरमीत के हाथ सौंपी महासमुंद शहर की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

उदयपुर नव संकल्प घोषणा को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं, एआईसीसी पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा पश्चात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव सचिन पायलय ने महासमुंद जिले के ब्लॉकों के लिए



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नियुक्त किया है। जिसके अनुसार महासमुंद शहर गुरमीत चावला, महासमुंद ग्रामीण अन्नु चंद्राकर, पिथौरा करण सिंह दीवान, बागबाहरा देवभान साहू, सरायपाली तेजराम पटेल, बसना विजय कुमार साहू, पटेवा खिलावन साहू, सांकरा मधुसूदन साहू, कोमाखान खेमराज सिंहा, भंवरपुर घसिया सिदार, छुहीपाली तन्मय पण्डा, सरायपाली नगर कमल किशोर अग्रवाल एवं बागबाहरा नगर लखबीर छाबड़ा को नियुक्त किया गया है।




### सक्रिय राजनीति के 33 सालों का दिया ब्यौरा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी (शहर) अध्यक्ष गुरमीत सिंह चावला ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान बताया कि उन्होनें अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत कांग्रेस के साथ और 1992 से की जब उन्हें पहली बार एनएसयूआई का शहर उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके बाद लगातार वे कांग्रेस के सिपहसलार के तौर पर जनसेवा में जुटे रहे और युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष के तौर पर अपनी अमिट छाप छोड़े जाने के बाद 2009 में बतौर जनप्रतिनिधि दीनदयाल उपाध्याय वार्ड से पार्षद रहे। उन्होनें बताया कि आगे उन्हें संगठन में जिला कांग्रेस कमेटी का सचिव बनाया गया। उल्लेखनीय है कि वे छत्तीसगढ़ निर्माण के लिए संघर्ष में शामिल होने के साथ उन्होनें महासमुंद जिला निर्माण के लिए हुए आंदोलन के साथ सदैव किसान, व्यापारी, युवा एवं सभी वर्गों की आवाज बनते रहे।

### पिकअप में सिलेंडर ब्लास्ट मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बीते दिनों एनएच 53 में पिकअप में भरी सिलेंडर में आग लगने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिंघोड़ा थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी जाधव प्रधान पिता रोहित प्रधान (30 साल) बरडीह थाना बसना ने रिपोर्ट लिखाई है कि वह बीएससीपीएल कंपनी छुईपाली टोल प्लाजा में कार्यरत हैं। 12 जनवरी को वह पेट्रोलिंग करते हुए सिंघोड़ा की ओर जा रहा था, छुईपाली चौक हेमंत वस्त्रालय के पास पहुंचने पर दखा कि पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 पीजेड 9485 में एलपीजी सिलेंडर कुल 50-60 नग भरकर सिंघोडा की तरफ से सरायपाली की ओर जा रहा था। इसी दौरान आग लगने से सिलेंडर फटने लगे, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग में आने जाने वाले लोगों, वाहनों, आसपास के घरों तथा दुकानों में रहने वाले लोगों के लिए संकट उत्पन्न हो गया। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग के सड़क के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग में करीब 06-07 घंटों तक आवागमन बाधित रहा। उक्त वाहन के चालक ने पूछताछ में अपना नाम शैलेंद्र सिंह चौहान तथा अपने साथी का नाम विकेश चौरसिया दोनो निवासी मंदिर हसौद जिला रायपुर का होना बताया। वाहन स्वामी का नाम मनीष नाबरिया निवासी करन नगर चंगोरा भांठा जिला रायपुर का होना बताया। आग की चपेट में आने से वाहन चालक शैलेंद्र सिंह चौहान के दोनों हाथ और चेहरे झुलस गए। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध सिंघोड़ा थाने में धारा 110, 125(ए), 87, 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



**खबर संक्षेप**

### डोंगरीपाली में मड़ई मेला 18 को

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत मामाभांचा के आश्रित ग्राम डोंगरीपाली में मड़ई मेला का आयोजन 18 जनवरी 2026 को किया गया है। जिसमें रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी लोक कला नवरंग नांच पार्टी मौलीभाठा (ओडिशा) का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील समस्त ग्रामवासी एवं ग्रामीण विकास समिति ग्राम डोंगरीपाली ने की है। उक्त जानकारी ग्रामीण सभा विकास समिति के कोषाध्यक्ष हेमन कुमार साहू ने दी है।

### लाफिनखुर्द स्कूल में विवेकानंद जयंती पर हुई निबंध एवं भाषण स्पर्धा

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य एवं व्याख्याताओं द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्पार्चन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत लीशा साहू द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रीय गीत से हुई। पश्चात छात्र-छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी, विचारों एवं चरित्र पर प्रकाश डाला। मोनिका एवं वर्षा साहू ने भाषण के माध्यम से तथा डिगेश्वरी पटेल ने कविता के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायी विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सहायक शिक्षक विज्ञान प्रकाश चंद्राकर ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद के प्रसिद्ध कथन "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए" को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। व्याख्याता ममता ठाकुर ने विद्यार्थियों को विपरीत परिस्थितियों से घबराने के बजाय डटकर मुकाबला करने की प्रेरणा दी। संस्था के प्राचार्य भारत साहू ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में दिए गए ऐतिहासिक भाषण की जानकारी दी।

# कर्तव्य, करुणा और विवेक का शाश्वत संदेश देती है गणेश जन्म कथा: पं. पंकज तिवारी

## शहर के त्रिमूर्ति कालोनी में आयोजित शिवपुराण कथा के छठवें दिन गणेश जन्म प्रसंग का हुआ भावपूर्ण वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद





स्थानीय त्रिमूर्ति कॉलोनी में 9 जनवरी से आयोजित भव्य शिवपुराण कथा के छठवें दिन व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए पं. पंकज तिवारी ने श्रोताओं को भगवान गणेश के जन्म प्रसंग का भावपूर्ण और शिक्षाप्रद रसपान कराया। उन्होंने कहा कि भारतीय धर्मग्रंथों में वर्णित कथाएं केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाली जीवन-दृष्टि भी प्रदान करती हैं।

पं. तिवारी ने बताया कि शिव महापुराण में वर्णित गणेश जन्म कथा आज के समय में भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी प्राचीन काल में थी। यह कथा कर्तव्य, करुणा और विवेक का शाश्वत संदेश देती है। कथा के अनुसार भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के पश्चात कैलाश पर्वत पर गृहस्थ जीवन की शुरुआत होती है। एक दिन माता पार्वती स्नान हेतु जाती हैं, किंतु द्वार की रक्षा के लिए कोई न होने पर वे अपनी दिव्य शक्ति से अपने शरीर के उबटन से एक बालक की रचना कर उसमें प्राण का संचार करती हैं। यही बालक आगे चलकर गणेश कहलाता है। माता पार्वती उस बालक को आदेश देती हैं कि जब तक वे स्नान कर रही हों, किसी को भी भीतर प्रवेश न करने दिया जाए। बालक माता की आज्ञा को अपना परम कर्तव्य मानकर द्वार पर पहरा देने लगता है। इस प्रसंग के माध्यम से पं. तिवारी ने मातृआज्ञा और कर्तव्यनिष्ठा के महत्व को रेखांकित किया।

इसी दौरान भगवान शिव कैलाश लौटते हैं और भीतर प्रवेश करना चाहते हैं, किंतु द्वारपाल बना बालक उन्हें रोक देता है। शिवगण बालक को समझाने का प्रयास करते हैं, पर वह अपने दायित्व से विचलित नहीं होता। व्यासपीठ से बताया गया कि कर्तव्य पालन में व्यक्ति पद, शक्ति या पहचान नहीं देखता, बल्कि अपने उत्तरदायित्व को सर्वोपरि मानता है। परिस्थितियाँ अंततः युद्ध में बदल जाती हैं। बालक की अद्भुत वीरता देखकर देवगण भी आश्चर्यचकित हो जाते हैं। संवाद के अभाव में उत्पन्न टकराव के कारण भगवान शिव बालक का मस्तक काट देते हैं। यह प्रसंग इस बात का संकेत है कि जब संवाद समाप्त हो जाता है, तब टकराव विनाश का कारण बनता है। जब माता पार्वती को इस घटना का पता चलता है, तो वे अत्यंत व्यथित और क्रोधित हो जाती हैं। उनका शोक इतना प्रबल हो जाता है कि सृष्टि का संतुलन डगमगाने लगता है। पं. तिवारी ने इसे मातृभाव और नारी शक्ति की अपार क्षमता का प्रतीक बताया।

स्थिति की गंभीरता को समझते हुए भगवान शिव माता पार्वती को शांत करते हैं और बालक को पुनर्जीवित करने का वचन देते हैं। गणों को उत्तर दिशा की ओर भेजा जाता है, जहाँ से वे हाथी का मस्तक लेकर आते हैं। भगवान शिव उस मस्तक को बालक के धड़ से जोड़कर उसे पुनर्जीवित कर देते हैं। इस प्रकार गजमुख गणेश का अवतरण होता है, जो शक्ति और बुद्धि का अद्भुत संगम है। अंत में भगवान शिव गणेश को गणों का अधिपति घोषित करते हुए उन्हें प्रथम पूज्य का वरदान देते हैं। उन्होंने कहा कि संसार का कोई भी शुभ कार्य गणेश पूजन के बिना पूर्ण नहीं होगा। इस प्रकार गणेश विघ्नहर्ता कहलाए। पं.तिवारी ने कहा कि गणेश जन्म कथा हमें कर्तव्यनिष्ठा, माता-पिता के सम्मान, संवाद के महत्व और करुणा से समाधान की सीख देती है।

# नगर में निकाली गई कलश यात्रा, 1544 महिलाएं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना



**सुप्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के बसना नगर में होने जा रहे शिव महापुराण कथा आयोजन की तैयारी में**

कथा आयोजन समिति बसना के सदस्यों द्वारा कुंभ भरण पश्चात दिव्य और भव्य कलश यात्रा नगर में निकाली गई। जिसमें 1544 से अधिक मातृ शक्तियों ने सहभागिता निभाई। साथ ही कथास्थल पर संगीतमय भूमि शुद्ध पूजन ब्राह्मण एवं आचार्यगणों द्वारा किया गया। तत्पश्चात संपूर्ण बसना परिक्षेत्र से आए हुए शिव भक्त, माताएं-बहनें, बच्चे-बुजुर्ग एवं राहगीरों एवं नगरवासियों को भोजन भंडारा में अन्न प्रसाद खिलाया गया।

आयोजन समिति के राजेश साव, कपूरचंद साव, रमेश डड़सेना, भरत नायक, राहुल डड़सेना, रीतेश डड़सेना, संजय सिन्हा एवं राकेश डड़सेना ने बताया कि 12 जनवरी 2026 को भारत की सनातन संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने एवं समरसता के संदेश द्वारा समाज के सभी वर्गों को जोड़ने के शुभ उद्देश्य से वैदिक रीति अनुसार कुंभभरण एवं दिव्य कलश यात्रा निकालते हुए कथास्थल रायपुर रोड फुलझर पेट्रोल पंप बसना में भूमि शुद्ध पूजन एवं भंडारा का आयोजन किया गया। मातृ शक्तियों में महिला मंच से राधा डड़सेना माता दरबार, सुसीता साव, तंजु राजेश साव, धर्मशीला विवेक दास, सरिता रमेश डड़सेना, शोभा भरत नायक, सुनीता राजेश भारतीय आदि ने बताया कि भगवान शिव अपने भक्तों के समस्त समस्याओं का निवारण कर देते हैं। क्योंकि, भोलेनाथ मनुष्यों के साथ असुरों, भूत-प्रेत, पशु-पक्षी एवं सभी जीवों का उद्धार करने वाले हैं, उन्हीं का आशीष पाने समस्त श्रद्धालु सौभाग्यवती महिलाएं इस भव्य कलश यात्रा में शामिल हुई है। धर्म समाज एवं मानव सेवा के मूल्य को सुदृढ़ करने संरक्षक समिति में सांसद रूपकुमारी चौधरी, डॉ.संपत अग्रवाल विधायक बसना, चातुरी नंद विधायक सरायपाली, वरिष्ठ बीजेपी नेता ओमप्रकाश चौधरी एवं जसवंत सिंह सलूजा, मार्गदर्शक मंडल में सरिंदर सिंह मन्नू, रज्जू छाबड़ा, जगदीश लाल डड़सेना, महेंद्र साव राष्ट्रीय बजरंग दल, नंदलाल मिश्रा, सेवक दास दीवान, पोषराम धृतलहरे, अभय धृतलहरे, आरके दास, मनहरण सोनवानी, गौरीशंकर मानिकपुरी, अरुण साव, देशराज दास, सुकदेव वैष्णव आदि ने आयोजन की सराहना की।

## नगर में विश्व हिंदू परिषद की प्रांत बैठक 16 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

विश्व हिंदू परिषद की प्रांत बैठक 16, 17, एवं 18 जनवरी को बागबाहरा रोड स्थित अंबेडकर मांगलिक भवन में आयोजित है। आयोजन को लेकर विश्व हिंदू परिषद महासमुंद की आवश्यक बैठक स्वाध्याय भवन में रखी गई। जिसमें बैठक को सफल बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपा गया।

बैठक में विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ के सभी विभाग मंत्री एवं सभी जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री, बजरंग दल के जिला संयोजक, मातृशक्ति के जिला संयोजिका, दुर्गा वाहिनी के जिला संयोजिका, सभी जिला के जिला सत्संग प्रमुख एवं विश्व हिंदू परिषद के सभी आयाम के प्रांत प्रमुख उपस्थित रहेंगे।

इस बैठक में विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय संगठन प्रमुख जितेन्द्र पवार, छत्तीसगढ़ के प्रांत मंत्री पूर्णेंदु सिन्हा, सह प्रांत मंत्री नंदू साहू एवं मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय सत्संग प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा, क्षेत्रीय सेवा प्रमुख विभूतिभूषण पांडे बैठक में उपस्थित रहेंगे। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के आगामी 6 महीने का कार्य योजना तैयार की जाएगी एवं विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की कार्य को गति प्रदान करने के लिए कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश जारी की जाएगी। बैठक में पूरे छत्तीसगढ़ से लगभग 300 कार्यकर्ता उपस्थित रहने की संभावना है। उक्त जानकारी जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद हर्षवर्धन चंद्राकर ने दी है।

### गायत्री शक्तिपीठ और मुढ़ेना में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**महासमुंद।** गायत्री परिवार द्वारा युवा संन्यासी एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया। इसी क्रम में गायत्री प्रज्ञा पीठ मुढ़ेना में कार्यक्रम का शुभारंभ जिला समन्वयक बोधराम साहू एवं हीरालाल साहू द्वारा दीप प्रज्वलन कर तथा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हीरालाल साहू एवं भारत साहू ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन के प्रेरक प्रसंगों का उल्लेख किया तथा उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। इस अवसर पर कृष लाल साहू, गेसूराम साहू, नेहरू साहू (महासमुंद), नरेश साहू, भारत साहू, साक्षी मेश्राम, जगमोहन साहू, परिब्राजक महादेव सहित आसपास के ग्रामों से आए युवा भाई-बहन एवं परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संध्याकालीन आरती के पश्चात गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद में भी युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत प्रस्तुति के उपरांत नरेश साहू एवं भारत साहू द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर जिला युवा प्रकोष्ठ के भारत साहू ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में दिए गए उनके ऐतिहासिक संबोधन की जानकारी दी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से युवाओं को प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम में रिखीराम साहू, जगमोहन साहू, नरेश साहू, राधेश्याम सोनी, भारत साहू, कुमारेश श्रीवास्तव, धनीराम भूखन सहित अनेक युवा साथी उपस्थित रहे।

## गुड शेफर्ड में में रोसेयो स्थापना एवं राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया




**महासमुंद।** गुड शेफर्ड स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का स्थापना एवं राष्ट्रीय युवा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य "मैं नहीं, आप" के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला के डायरेक्टर डॉ जार्ज रावटे ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि युवाओं की शक्ति से ही राष्ट्र का निर्माण संभव है। शाला के प्राचार्य एम निवास राव ने युवाओं को अनुशासन, सेवा, आत्मनिर्भरता एवं राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा भाषण, निबंध पाठ, विचार अभिव्यक्ति एवं प्रेरक संदेश प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने समाज सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता से संबंधित अपने विचार साझा किए। शाला की उप-प्राचार्य मिताली गुरुंग ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, सेवा भावना एवं नैतिक मूल्यों का विकास करना है। हायर सेक्शन की सोनल एवं श्रेया गिलहरे ने अपने भाषण में कहा कि स्वामी विवेकानंद की जीवनी हमें देश के प्रति समर्पित होने की प्रेरणा देती है। हम युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद के आदर्श पर चलने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डाली शर्मा ने किया। कार्यक्रम में शिक्षकगण, एनएसएस प्रभारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पाली के मड़ई मेला में शामिल हुए पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

खल्लारी क्षेत्र के ग्राम पंचायत पाली में मड़ई मेला का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद के पूर्व विधायक एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विमल चोपड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने मुख्य अतिथि डॉ. चोपड़ा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए डॉ. चोपड़ा ने कहा कि मड़ई मेला हमारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति और लोक परंपरा का जीवंत प्रतीक है। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे और मेल-मिलाप का वह संगम है, जो हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखता है। आज के आधुनिक युग में भी जिस तरह से ग्रामीण क्षेत्रों में इन परंपराओं को सहेज कर रखा गया है, वह प्रशंसनीय है। मड़ई के माध्यम से हम अपनी लोक कला और संस्कृति को आने वाली पीढ़ी को सौंपते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भगवान से मेरी यही प्रार्थना है कि यह पर्व आप सभी के जीवन में खुशहाली, उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि लेकर आए। अंत में उन्होंने कहा कि गांव की एकता ही विकास का असली आधार है, और ऐसे उत्सव उस एकता को और अधिक मजबूत करते हैं। मेले में आसपास के गांवों से आए ग्रामीणों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पारंपरिक बाजार का आनंद लिया। सभी ग्रामवासियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दिया। इस दौरान ग्राम पंचायत पाली के सरपंच भुनेश्वर लोधी, भाजपा नेता देवलाल नेताम, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा उमाशंकर नेताम, सोसायटी अध्यक्ष पदुम साहू, योगेश्वर पटेल, जितेंद्र चंद्राकर, दीनदयाल साहू, विष्णु दीवान, तुलसीराम साहू, महारथी सोनी, धनीराम साहू, ईश्वर साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### प्रवासी भारतीय तथा विश्व हिंदी दिवस पर हुआ अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन

**महासमुंद।** मनुमुक्त मानव मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा प्रवासी भारतीय दिवस तथा विश्व हिंदी दिवस पर अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन आभासी स्तर पर किया गया, जिसमें छह महाद्वीपों के डेढ़ दर्जन साहित्यकारों और विद्वानों के साथ महासमुंद (छत्तीसगढ़) से विजय कुमार मिर्चे ने सहभागिता निभाई। 9 जनवरी 2026 को आयोजित इस कार्यक्रम में रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल (मध्यप्रदेश) में अंतरराष्ट्रीय हिंदी-केंद्र के निदेशक डॉ. जवाहर कर्णावट की अध्यक्षता में हुई। इस समारोह में अंतरराष्ट्रीय सहयोग परिषद् नई दिल्ली के मानद निदेशक नारायण कुमार मुख्य अतिथि थे। वहीं केंद्रीय त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू (नेपाल) में हिंदी-विभाग की प्रोफेसर एवं अध्यक्ष डॉ. श्वेता दीप्ति विशिष्ट अतिथि और विश्व बैंक वाशिंगटन डीसी (अमेरिका) की वरिष्ठ अर्थशास्त्री डॉ. एस. अनुकृति स्वागताध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहीं। उद्योग विस्तार अधिकारी डॉ. सुनील भारद्वाज द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना-गीत के उपरांत ट्रस्टी डॉ. कांता भारती के प्रेरक सान्निध्य और डॉ. पंकज गौड़ के कुशल संचालन में संपन्न हुए इस समारोह के प्रारंभ में चीफ ट्रस्टी डॉ. रामनिवास मानव ने विषय-प्रवर्तन करते हुए हिंदी के वैश्विक विस्तार को अपने एक दोहे के माध्यम से इस प्रकार रेखांकित किया। उल्लेखनीय है कि लगभग अढ़ाई घटों तक चले इस महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम में विजय कुमार मिर्चे ने अपनी रचना "चमकूंगा एक दिन आसमान में तारा बनकर व तुम्हें लिख दूँ ." जैसे समसामयिक कविताओं से अपनी पहचान बनाने में कामयाब हुए। साथ ही शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के राजनीति विज्ञान विभाग में कार्यरत हैं। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी विजय कुमार मिर्चे ने 43 राष्ट्रों के प्रतिनिधि कवियों के साथ अपनी प्रस्तुति दे चुके है। इस कार्यक्रम में सिडनी (आस्ट्रेलिया) के प्रगीत कुंअर और डॉ. भावना कुंअर, सिंगापुर सिटी (सिंगापुर) की आराधना झा श्रीवास्तव, दोहा (कतर) के डॉ. बैजनाथ शर्मा, अकरा (घाना) की मीनाक्षी सौरभ, सोफिया (बुल्गारिया) की डॉ. मोना कौशिक, स्टॉकहोम (स्वीडन) के सुरेश पांडे, पोर्ट ऑफ स्पेन (ट्रिनिडाड) की आशा मोर तथा भारत से डॉ. सत्यवान सौरभ (हिसार), डॉ. मुकुट अग्रवाल (रेवाड़ी) एवं डॉ. रामनिवास मानव, डॉ. जितेंद्र भारद्वाज और डॉ. पंकज गौड़ (नारनौल) आदि कवियों ने काव्य-पाठ द्वारा कार्यक्रम को नई ऊंचाई प्रदान की, जिसे देश-विदेश के श्रोताओं की भरपूर सराहना मिली। इस उपलब्धि पर तरुण व्यवहार उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बाग़बाहरा, सोमनाथ टोंडेकर, रामनारायण जांगड़े, करन मार्कंडेय, नेहा बघेल आदि हर्ष जताया है।



### जिला स्तरीय गौधाम समिति की हुई बैठक घुमंतू पशुओं के संरक्षण पर दिया जोर

**महासमुंद।** प्रदेश में निराश्रित, घुमंतू तथा कृषिक पशुओं के संरक्षण, संवर्धन एवं विस्थापन के लिए शासन द्वारा गौधाम योजना स्वीकृत की गई है। इसी कड़ी में योजना के पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, जिला स्तरीय गौधाम समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू मौजूद रहे। बैठक में गौधाम के संचालन, संबंधित संस्था के चयन तथा उनके दायित्वों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान जानकारी दी गई कि प्रत्येक विकासखंड में गौठानों का चयन कर गौधाम स्थापना के लिए प्राप्त आवेदनों को विकासखंड समिति की अनुशंसा के साथ जिला स्तरीय समिति एवं कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिला स्तरीय समिति एवं कलेक्टर की अनुशंसा के उपरांत प्रस्ताव छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग, रायपुर को प्रेषित किए जाएंगे। जिले में अब तक कुल 14 ग्रामों से गौधाम स्थापना हेतु आवेदन छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग, रायपुर को भेजे जा चुके हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि घुमंतू पशुओं को प्राथमिकता के आधार पर सड़कों से हटाकर गौधामों में सुरक्षित रखा जाए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। साथ ही गौधाम समिति के अध्यक्ष द्वारा गौधामों को रोजगार के केंद्र के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई।



### सरायपाली में राइस मिल में बड़ी कार्रवाई, 61,203 बोरा धान की कमी, उपलब्ध स्टॉक जब्त

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में राइस मिलों का भौतिक सत्यापन सतत जारी है। इसी क्रम में सरायपाली विकासखंड अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुपमा आनंद के नेतृत्व में बालोदिया राइस मिल में भौतिक सत्यापन (पीवी) के दौरान 61,203 बोरा धान की कमी दर्ज की गई। अवैध धान एवं चावल के भंडारण पर खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बालोदिया राइस मिल में भौतिक सत्यापन (पीवी) के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाई। जांच में राइस मिल में 61,203 बोरा धान की कमी दर्ज की गई। भौतिक सत्यापन के दौरान राइस मिल परिसर में उपलब्ध 2328 क्विंटल चावल (4656 बोरा) तथा 37759.6 क्विंटल धान (94,399 बोरा) पाया गया। धान की अत्यधिक कमी पाए जाने पर उपलब्ध धान एवं चावल के संपूर्ण स्टॉक को जप्त कर लिया। जप्ती की कार्रवाई आगे की कानूनी प्रक्रिया एवं विस्तृत जांच के अधीन रखी गई है। जिला प्रशासन ने कहा है कि जिले में धान खरीदी एवं भंडारण व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाइयां लगातार जारी रहेंगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले राइस मिल संचालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# आत्मानंद कॉलेज में हुआ स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में एसआईआर-2026 के अंतर्गत स्वीप कार्य योजना के तहत 10 जनवरी 2026 से विभिन्न मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अधिकाधिक नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने मेरा वोट-मेरा अधिकार, पहले मतदान, फिर जलपान, लोकतंत्र की शक्ति-जागरूक मतदाता जैसे संदेशों को रंगों और रचनात्मकता के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की प्रभारी अधिकारी माधुरी दीवान (अतिथि व्याख्याता, वाणिज्य) एवं खुशी वर्मा (अतिथि व्याख्याता, भौतिकी) रहीं। द्वितीय दिवस 14 जनवरी 2026 को तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने मतदान के महत्व, युवाओं की भूमिका, निष्पक्ष चुनाव और जागरूक मतदाता जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपने भाषणों में कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि हमारा कर्तव्य है तथा एक-एक वोट देश की दिशा बदल सकता है। कुछ विद्यार्थियों ने यह भी कहा कि आज का युवा अगर जागरूक हो जाए, तो लोकतंत्र और अधिक सशक्त बन सकता है। इस अवसर पर संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती जागरूक मतदाताओं पर निर्भर करती है। प्रत्येक नागरिक का एक-एक वोट राष्ट्र के भविष्य को गढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। युवा वर्ग को आगे आकर न केवल स्वयं मतदान करना चाहिए, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के भीतर जिम्मेदारी, नेतृत्व और राष्ट्रप्रेम की भावना को विकसित करते हैं। कार्यक्रम में मंचासीन के रूप में प्रतिमा चंद्राकर (सहायक अध्यापक, हिंदी), रवि देवांगन (सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र) एवं तरुण बांधे (सहायक प्राध्यापक एवं वाणिज्य संकाय प्रमुख) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हरिशंकर नाथ (अतिथि व्याख्याता, राजनीति विज्ञान) ने किया। इस दौरान कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता डॉ. ग्लैडिस एस मैथ्यू समाजशास्त्र, आलोक हिरवानी (कंप्यूटर साइंस), चित्रेश बरेठ रसायन शास्त्र, माधुरी दीवान वाणिज्य, शेषनारायण साहू लैब टेक्नीशियन, जगतारण बघेल लैब टेक्नीशियन, नानक साहू कंप्यूटर ऑपरेटर एवं समस्त छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा गया कि वे आगे भी इस तरह की गतिविधियों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाते रहें। संपूर्ण आयोजन अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा।

## खबर संक्षेप



### स्कूल में मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्या मंदिर में मकर संक्रांति का पर्व को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल की छात्राओं और शिक्षक नीलम कोसरो, लता चंद्राकर, माधुरी पटेल, मनीषा चंद्राकर, हीना चंद्राकर, ललिता धीवर, रुक्मणी सारथी, दीपा कुर्रे आदि मौजूद रहे।



### अल्पसंख्यक प्रतिभावान छात्रों का हुआ सम्मान समारोह

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के निर्देशानुसार 13 जनवरी 2026 को जिला स्तरीय अल्पसंख्यक परिभावान छात्रों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जिला के 157 बच्चों को आयोग द्वारा प्रसस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद को मुख्यतिथि ओहदे से शामिल किया गया।

### मकर संक्रांति पर्व पर महिलाओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिता

**महासमुंद।** मकर संक्रांति पर्व पर महिला समूह की महिलाओं द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला समूह की अध्यक्ष निरंजना चंद्राकर द्वारा ग्राम लभराखुर्द में महिलाओं के लिए खेलकूद कार्यक्रम किया गया। जिसमें उत्साह के साथ महिलाओं ने भाग लिया। फुग्गा फोड़ में प्रथम उषा चंद्राकर, द्वितीय प्रमिला सेन, तृतीय हेमीन ढीमर, दौड़ में गायत्री यादव, ज्योति ढीमर और खेमीन ध्रुव रहीं। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समूह की 50 सदस्यों को समाज सेविका निरंजना चंद्राकर द्वारा कामकाजी महिलाओं को हॉटपॉट एवं टिफिन डिब्बा बांटा गया। इस अवसर पर निरंजना चंद्राकर, देवकी चंद्राकर, लता चंद्राकर, राधिका चंद्राकर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का सम्मान गुलदस्ता देकर किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गंगा कन्नौजे एवं सहायिका अमरौतीन यादव को भी हाटपाट का डिब्बा भेंट किया गया। फिर सभी ग्रामीण महिलाओं को तिल लड्डू, समोसा कचौड़ी, जलेबी, केलों वितरित किया गया।



### अरंड में मनाया गया मकर संक्रांति पर्व

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में मकर संक्रांति पर्व मनाया गया। मान्यता के अनुसार यह महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है, जो सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर मनाया जाता है। सूर्य उत्तरायण से दक्षिणायन की ओर अग्रसर होता है। ग्रामीण महिला गौरी पटेल व मिलो बाई ध्रुव ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन पवित्र नदियों में स्नान और दान किया जाता है। यह शीत काल के समाप्ति का प्रतीक है। इस दिन तिल गुड़ का लड्डू व वस्त्र दान किया जाता है। अलग-अलग प्रदेशों में अलग अलग तरह से मनाया जाता है।

### शहीद स्मारक में आज मनाया जाएगा थल सेना दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 15 दिसंबर को शाम 6 बजे थल सेना दिवस मनाया जाएगा। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि दिवस जनरल (बाद में फ़ील्ड मार्शल) केएम करियप्पा के भारतीय थल सेना के शीर्ष कमांडर का पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उन्होंने 15 जनवरी 1949 को अंतिम अंग्रेज शीर्ष कमांडर जनरल रॉय फ्रांसिस बुचर से यह पदभार ग्रहण किया।

# शिवत्व को प्राप्त करने सियाराम नाम जाप से शुरू होती है पंचकोशी धाम की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिवत्व को प्राप्त करने सियाराम के नाम से शुरू होती है पंचकोशी धाम की यात्रा। सात दिनों की इस यात्रा के तीर्थयात्री कुलेश्वर महादेव से अपनी यात्रा प्रारंभ करते हुए पटेवा, चंपारण, बम्हनी, फिंगेश्वर, कोपरा, लफिंदी के बाद पुनः कुलेश्वर महादेव राजिम पहुंचकर अपनी यात्रा को विश्राम देते हैं।

यात्रा के दौरान पदयात्री प्रत्येक प्राणियों को सियाराम के संबोधन से संबोधित करते हुए स्वत ही हजारों बार राम नाम का जाप कर लेते हैं। कहते हैं बिना राम भजन के शिव की कृपा प्राप्त नहीं होती। इसलिए शिव कृपा के लिए प्रत्येक प्राणी को राम भक्ति भी करनी चाहिए।

मकर संक्रांति के अवसर पर बम्हनी स्थित श्वेत गंगा परिसर में करीब 1500 से अधिक पंचकोशी धाम के पदयात्री पहुंचे हुए हैं। 14 जनवरी को यज सभी तीर्थ यात्री रात्रि विश्राम, भजन के बाद प्रातः बेला में फिंगेश्वर के लिए प्रस्थान करेंगे। सभी स्थानों पर शिव मंदिर में दर्शन पूजन करते हुए यात्री रामधुन का गायन करते रहते हैं। यात्रा के दौरान उनके लिए नंगे पांव चलना, जमीन पर सोना और एक समय भोजन करते हैं। सभी सामान अपने साथ लेकर यात्रा करते हैं, जहां-जहां रात्रि विश्राम होता है। वहां पर स्वयं के लिए भजन पकाकर प्रभु को अर्पण कर भोजन ग्रहण करते हैं। तेल, साबुन, कंघी यात्रा के दौरान निषेध रहता है। यात्रा के आयोजक और मार्गदर्शक सिद्धेश्वरानंद महाराज ने बताया कि पदयात्रा से प्राणियों को मोक्ष की प्राप्ति होती है, इसलिए वाहन के बजाय पदयात्रा को महत्व दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा में अब नए-नए लोग भी जुड़ने लगे हैं, इस बार 1500 से अधिक पदयात्री यात्रा में शामिल हुए हैं। 19 जनवरी को कथा, पूजन, हवन के बाद यात्रा का विश्राम हो जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि बेलाहीघाट नयापारा लोमस ऋषि आश्रम में 23 जनवरी को सुबह 8 बजे उपाध्याय परिवार द्वारा ब्राह्मण बटुकों के लिए निशुल्क जनेऊ संस्कार का कार्यक्रम रखा गया है।



इस यात्रा में कोपरा, हल्दी, बेलर, अमेठी, दिघारी, कौही, भड़हा, जेंजरा, टीला, भोथली, कुरूद, सोंठ, खमतराई, लखोली, हथबंद ,कौंदकेरा, तर्रा, लफिंदी, परतेवा, कोडापार, संकरी, गोंदलाबहार, हिरमी, लखोली, रायपुर, सनोध, सोरम, रोहिना समेत अनेक गांवों के तीर्थ यात्री शामिल हुए हैं। सभी तीर्थयात्री एक दूसरे को सियाराम के नाम से संबोधित करते हैं। उल्लेखनीय की बोलबम यात्रा के दौरान भी एक दूसरे को बम से संबोधित करते हुए अपनी यात्रा पूर्ण करते हैं। बम्हनी में मंदिर समिति द्वारा तीर्थयात्रियों के ठहरने के लिए पंडाल की व्यवस्था की गई है। सभी तीर्थयात्री चिंगरौद के पास शक्तिटोंक में सूखा लहरा लेने के बाद बम्हनी पहुंचे हैं। मकर संक्रांति के अवसर पर महानदी, सरगी और सूखा नदी के संगम पर मेला भरता है। जहां शक्तिटोंक में पूजन के बाद सूखा लहरा लेते हैं। सुबह से ही बम्हनेश्वर नाथ महादेव के दर्शन करने श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जो देर शाम तक जारी रहा, इसी तरह आसपास के अन्य मंदिरों में भी दर्शनार्थ तिल के लड्डू मंदिरों में अर्पण करते रहे।

**स्पर्धा :** यंग क्रिकेट क्लब की टी-20 ड्यूस बॉल प्रतियोगिता में उमड़ा उत्साह

# खेल से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का होता है संचार : मनमीत छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

नगर में इन दिनों यंग क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित टी-20 ड्यूस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन खेल प्रेमियों और स्थानीय दर्शकों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पूरे क्षेत्र से पहुंचे क्रिकेट प्रेमियों और युवा खिलाड़ियों ने मैदान पर उत्साह और रोमांच से भरा माहौल निर्मित किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य क्षेत्र की छिपी हुई प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना तथा युवाओं में अनुशासन, दक्षता और खेल के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करना है।

बुधवार को आयोजित प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि मनमीत सिंह छाबड़ा, अध्यक्षता भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनमोहन जैन तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता किशोर पटेल मंचासीन रहे। क्लब द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि मनमीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि पिथौरा का नाम खेल के क्षेत्र में फिर से तेजी से उभर रहा है। लगातार हो रहे खेल आयोजनों से क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिल रहा है।



उन्होंने कहा कि खेल जहां शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाते हैं, वहीं समाज में सकारात्मक ऊर्जा, अनुशासन और भाईचारे का संचार भी करते हैं। प्रतियोगिता के दौरान टीमों के बीच हुए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार बल्लेबाज़ी, सटीक गेंदबाज़ी और तेज़तर्रार क्षेत्ररक्षण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हर चौके और छक्के पर मैदान तालियों की गूंज से गूंजता रहा। खिलाड़ियों का जोश और खेल के प्रति समर्पण पूरे आयोजन में स्पष्ट दिखा।

आयोजन समिति के अंजय सिन्हा और उनके साथियों की मेहनत मैदान की व्यवस्था में साफ झलक रही थी। बेहतरीन मैदान तैयारी, निष्पक्ष अंपायरिंग और खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं ने प्रतियोगिता को सफल और अनुकरणीय बना दिया। दर्शकों ने पूरे समय खेल का आनंद लिया और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। आयोजन समिति ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं क्षेत्र के युवाओं को अपने कौशल निखारने, बेहतर प्रदर्शन करने और भविष्य में बड़े खेल मंचों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, युवा खिलाड़ी और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा और उत्साह को और बढ़ा दिया।

# वीएसके एप से उपस्थिति के खिलाफ आंदोलन 17 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन महासमुंद ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल ध्रुव की अध्यक्षता में बैठक हुई। ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल ध्रुव ने बताया कि प्रदेश के शिक्षक लंबे समय से सरकार को टकटकी लगाकर देख रहे हैं कि मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति कब दूर होगी। दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद भी सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करने में कोई पहल नहीं की। सरकार को शिक्षकों के साथ किया गया वादा याद दिलाने के लिए 17 जनवरी को जिला स्तरीय धरना रैली आयोजित की जा रही है।

ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल ध्रुव ने कहा कि वर्तमान समय में ई अटेंडेंस के नाम वीएसके एप के माध्यम से उपस्थिति कराने का निर्देश शिक्षा विभाग ने जारी किया है। यह निर्देश जारी करने से पूर्व विभाग की कोई तैयारी नहीं है। ग्रामीण अंचलों में नेटवर्क की समस्या, वीएसके एप से शिक्षकों की प्राइवेसी को खतरा स्पष्ट दिख रहा है। बावजूद इसके शिक्षा विभाग वीएसके एप डाउनलोड करने के लिए शिक्षकों पर दबाव बना रहा है, जो कि उचित नहीं है। फेडरेशन के जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर ने बैठक को संबोधित करने हुए कहा कि शिक्षक ई अटेंडेंस के खिलाफ नहीं हैं। परंतु, ई अटेंडेंस के लिए जो मापदंड बनाए गए हैं हम उसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग ने स्कूलों में बायोमैट्रिक अटेंडेंस के लिए प्रदेश की सभी स्कूलों के लिए टेबलेट खरीदा था, आज उस टेबलेट की क्या उपयोगिता है। शिक्षा विभाग उस टेबलेट के माध्यम से ई अटेंडेंस क्यों सुनिश्चित करवा रहा है, यह चिंता का विषय है। बैठक में महासमुंद ब्लॉक के सभी संकुलों के अध्यक्ष जुड़े थे, जिनको आंदोलन को सफल बनाने के लिए प्रभारी बनाया गया। आनलाइन बैठक को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श, जिला पदाधिकारी पुरुषोत्तम चंद्राकर, विजय राजपूत गोपाल साहू, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चंद्राकर, अजय बंजारे, आत्माराम साहू, डिगेश पुरैना, बलराम नेताम, मुनिया निर्मलकर, सीमा यादव, नूतन दुबे, फगुलाल पटेल, ललित बया, सुनीता ध्रुव ने भी संबोधित किया।

# मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में खिलाड़ियों में जीते अनेक पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

उज्जैन मंदसौर में आयोजित ऑल इंडिया फुल कांटेक्ट मार्शल आर्ट चैम्पियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ टीम से महासमुंद के 16 उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिनका मुकाबला पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, मध्य प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, आसाम जैसे राज्यों के उत्कृष्ट फाइटर्स के साथ हुआ। छत्तीसगढ़ कराते संघ रेंबुकान के प्रदेश अध्यक्ष मास्टर नीलकंठ साहू ने बताया कि मुकाबला काफी रोमांचक और चुनौतीपूर्ण रहा। इस प्रतियोगिता को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों को प्रतिदिन 3 घंटे का अभ्यास और एडवांस लेवल का ट्रेनिंग दिया। जिसके परिणामस्वरूप सभी खिलाड़ियों ने 14 गोल्ड और 2 सिल्वर मेडल प्राप्त किया। जिसमें गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों में रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के ईशान साहू, कुशाग्र गायकवाड़, गुड शेफर्ड स्कूल के तुषार डडसेना, प्रतिभा स्कूल से गगन चंद्राकर, अनिकेत ध्रुव, वैभव मानिकपुरी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं प्रतिक सिन्हा, आदर्श ध्रुव ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। बालिका वर्ग में बम्हनी हाईस्कूल की फमेश्वरी सिन्हा, आत्मानंद स्कूल महासमुंद की कंचन यादव, आशीबाई गोलछा स्कूल के तुलसी, बया झलप स्कूल की शीतल चंद्राकर, मोनिका ध्रुव, कविता पटेल, किरण लिल्होरे, हर्षिता चंद्राकर ने गोल्ड मेडल जीतकर महासमुंद और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। इन खिलाड़ियों का चयन आगामी यूके में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल कराते प्रतियोगिता के लिए हुआ है। खिलाड़ियों के उपलब्धि पर कराते मास्टर नीलकंठ साहू, ब्लैक बैल्ट मास्टर शेखर साहू, ब्लैक बेल्ट रीता, खुशी साहू ब्लैक बेल्ट को बेस्ट कोच के अवार्ड से सम्मानित किया गया है।



## राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी में शामिल हुए स्थानीय प्रतिनिधि



**पिथौरा (ग्रामीण)।** बालोद जिले के दुधली में आयोजित भारत स्काउट एवं गाइड के राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी में पिथौरा क्षेत्र के स्थानीय प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। जंबूरी कैंप में भारत स्काउट गाइड संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी, डॉ. संजय गोयल, सुरेंद्र पांडे तथा पूर्व बीआरसी एफए नंद उपस्थित रहे। प्रतिनिधियों ने जंबूरी कैंप पहुंचकर रोवर–रेंजरों एवं स्काउटर–गाइडरों से मुलाकात की और वहां की व्यवस्थाओं के साथ–साथ संचालित विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी ली। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल ने कहा कि यह राष्ट्रीय जंबूरी कैंप रोवर–रेंजरों के लिए भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा, जिससे उनके व्यक्तित्व विकास और सेवा भावना को नई दिशा मिलेगी। वहीं संघ के पूर्व जिला उपाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी ने कहा कि इस कैंप से रोवर–रेंजर बहुत कुछ नया सीखकर लौटेंगे, जिससे उनकी नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और संगठनात्मक कौशल और अधिक मजबूत होगा तथा भविष्य में स्काउटिंग को नया आयाम मिलेगा।

## कथा



**महासमुंद।** कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने ग्राम कुलिया में चल रहे भागवत ज्ञान सप्ताह में शामिल होकर भगवताचार्य से आशीर्वाद लिया।

### आईटीआई में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** स्थानीय आईटीआई में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए मतदाता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्राचार्य जीएस साहू के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र कुमार साहू ने कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वह समय पर मतदाता सूची में नाम जुड़वाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाएं। शिविर के दौरान प्रशिक्षण अधिकारी बदरुद्दीन, प्रशांत सिन्हा, अजित बहादुर सिंह, नेहा सोनकर एवं खिलेश्वरी ध्रुव द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण अधीक्षक वायपी ध्रुव ने बताया कि फॉर्म -6 को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से भरा जा सकता है तथा किसी प्रकार की समस्या होने पर अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क कर समाधान प्राप्त किया जा सकता है। शिविर में प्रशिक्षण अधिकारी गजानंद साहू, भुवन निषाद, तुकाराम चौहान, नागेंद्र, भुवन लाल एवं आईटीआई के प्रशिक्षणार्थी बहुतायत की संख्या में उपस्थित रहे।



### शिव महापुराण कथा में शामिल हुए नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** नगर के त्रिमूर्ति कॉलोनी में आयोजित शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने कथा स्थल पहुंचकर पार्थिव शिवलिंग की पूजा-अर्चना की और कथावाचक से आशीर्वाद लिया। नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि शिव पुराण जैसी धार्मिक कथाएं समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा, प्रेरणा और सकारात्मक विचारों का संचार करती हैं। शिव महापुराण का श्रवण सौभाग्य से मिलता है। त्रिमूर्ति कॉलोनीवासियों द्वारा नगरवासियों को धर्म से जोडने का यह सराहनीय प्रयास है। धर्म जागरण का यह काम नई पीढ़ी में आस्था जागृत करने का भी काम करेगा। इस अवसर पर पार्षद धनेंद्र चंद्राकर व वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# रोवर रेंजर जंबूरी कैंप में अस्थाई शौचालय के नाम पर दो करोड़ का खर्च उजागर: कृष्णा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रोवर रेंजर जंबूरी कैंप में अस्थाई शौचालय के नाम पर दो करोड़ का खर्च उजागर होना यह बताता है कि यह आयोजन आयोजकों के लिए धन कमाने का जन्म बड़ा साधन था। इसलिए भाजपा नेताओं में आपसी विवाद खड़ा हुआ बात पद की नहीं धन की कमाई से जुड़ी थी, इसलिए भाजपा के बड़े नेताओं में तकरार हो रही है।

उपरोक्त आरोप पूर्व कार्यकारी नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने लगाते हुए कहा कि जंबूरी कैंप की आड़ में व्यापक पैमाने में भ्रष्टाचार की बू आ रही है। चंद्राकर ने राज्य सरकार से इस आयोजन के लिए हुई खरीदी की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि राज्य सरकार के मंत्री खुद को सिद्धांतवादी और ईमानदार दिखाने का सिर्फ मुखौटा पहने है। जबकि वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। आए दिन बीजेपी के आला मंत्रियों की पोल खुल रही है। परंतु, सरकार खामोश है। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार में जो घोटाले हो रहे वह अब जग जाहिर हो रहे हैं। कभी निजी आयोजनों का भुगतान सरकार के मद से हो जाता है। हद तो तब हो जाती है कि स्काउट गाइड रोवर रेंजर जो निष्ठा और ईमानदारी का संदेश देना वाला नौजवानों का समूह है। इसके आयोजन की आड़ पर महज शौचालय के नाम पर करोड़ों रुपए लुटाए गए। यह धन छत्तीसगढ़ की कर दाता जनता का धन है। इस धन का बड़े पैमाने में दुरुपयोग हो रहा है। सरकार का कोई भी जवाबदार अधिकारी जवाब नहीं दे पा रहे है। आखिर कैसे नियमों को ताक में रख कर इतने बड़े राष्ट्रीय आयोजन के लिए बिना किसी निविदा बिना किसी मापदंड के मनमानी खरीदी की गई।



राष्ट्रीय जंबूरी कैंप के लिए बिना किसी निविदा के कार्य व सामग्री खरीद कर करोड़ों रुपए का भुगतान किया जा रहा है। यह रवैया बता रहा है कि आयोजन में व्यापक पैमाने में भ्रष्टाचार किया जा रहा है, जो जांच का विषय है।

चंद्राकर ने राज्य के मुख्यमंत्री से अपील करते हुए कहा कि इस प्रकार के मामलों की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। साथ ही सम्पूर्ण आयोजन के लिए क्रय की गई सामग्रियों का सोशल ऑडिट होना चाहिए। ताकि, जनता को पता चल सके कि उनके कर का धन का कैसा उपयोग हो रहा है। चंद्राकर ने कहा कि जंबूरी जैसे महत्वपूर्ण आयोजन में पैसे कमाने का जो खेल खेला गया है। वास्तव में यह हमारे आने वाले भविष्य के नव जवानों को क्या सीख देगा यह चिंता का विषय है। चंद्राकर ने कहा कि यह आयोजन समर्पण और त्याग का संदेश देने वाला आयोजन था। परंतु, छत्तीसगढ़ के बालोद में हो रहे जंबूरी को लेकर जो विवाद छिड़ा और फिर आज शौचालय की आड़ पर करोड़ों का खर्च नियमों के विपरीत खरीदी ने इस आयोजन के उद्देश्य को ही बदल कर रख दिया। आखिर सेवा त्याग और समर्पण से प्रेरित स्काउटिंग के आयोजन से कैसा संदेश दे रहे हैं। आने वाले भविष्य को कैसे गढ़ रहे। इस बात बीजेपी सरकार को मंथन करने की आवश्यकता है।

## निधन

### शांता देवी शर्मा



**महासमुंद।** स्थानीय गुडरूपारा निवासी श्रीमती शांतादेवी शर्मा पति. स्व. पुखराज शर्मा का आज 14 जनवरी 2026 को शाम निधन हो गया। वे 86 वर्ष की थीं। वे अमृत शर्मा, ललित शर्मा की माता एवं माधव, प्रकाश की दादी थीं। उनका अंतिम संस्कार कल 15 जनवरी 2026 को भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में सुबह 11 बजे किया जाएगा

## नाम परिवर्तन की सूचना

**समक्ष कार्यापालन दण्डाधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी रा. महासमुन्द**

**शपथ पत्र**

मैं हेमप्रकाश चन्द्राकर उम्र 41 वर्ष पिता श्री नीलकंठ चन्द्राकर जाति कुर्मी निवासी ग्राम लभराकला, तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.) का हूँ व सत्यनिष्ठा से शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त नाम व पते का स्थायी निवासी हूं। मेरी सुपुत्री के नाम से भारत सरकार के द्वारा जारी आधार कार्ड नं. 3068 5070 0581 में उसका नाम देवीका दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है। मेरी सुपुत्री का सही नाम देवकी चन्द्राकर है जो कि मेरी सुपुत्री के शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज है जिसके अनुसार मेरी सुपुत्री के आधार कार्ड में सुधार किया जाना आवश्यक है। उक्त नाम के संबंध में किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी। जारी आधार कार्ड नं. 3068 5070 0581 में दर्ज मेरी सुपुत्री का त्रुटिपूर्ण नाम देवीका को विलोपित कर मेरी सुपुत्री के शैक्षणिक रिकार्ड के अनुसार सही नाम देवकी चन्द्राकर दर्ज किये जाने के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं। छत्तीसगढ़ राजपत्र में नाम परिवर्तन हेतु प्रकाशन किये जाने के समर्थन में यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत।

स्थानः महासमुन्द — **शपथकर्ता**

खबर संक्षेप



## मड़ई मेला छत्तीसगढ़ के संस्कृति, सामाजिक मेलजोल : तुषार

**महासमुंद।** ग्राम मालीडीह में मड़ई-मेला का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। तुषार साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि मड़ई मेला महोत्सव छत्तीसगढ़ की एक पारंपरिक आदिवासी उत्सव है, जिसमें देवी-देवताओं की पूजा, लोक नृत्य (कर्मा, रेला), लोकगीत और नाटकों का आयोजन होता है। साथ ही एक विशाल मेला लगता है। जहां खाने-पीने की दुकानें, हस्तशिल्प और झूलों के साथ-साथ घरेलू ज़रूरत का सामान बिकता है, जो आदिवासी संस्कृति, सामाजिक मेलजोल और आर्थिक आदान-प्रदान का अद्भुत संगम है।




## मकर संक्रांति पर बच्चों के साथ पतंग उड़ाना एक आनंदमय अनुभवः तुषार

**महासमुंद।** कलेक्टर कॉलोनी में राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान नेता तुषार साहू ने कहा कि मकर संक्रांति पर बच्चों के साथ पतंग उड़ाना एक आनंदमय अनुभव है। जहां आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से भर जाता है, बच्चे वो काटा! चिल्लाते हैं और यह त्योहार नई शुरुआत, सूर्य देव के प्रति आभार और शीत ऋतु के अंत का प्रतीक है, जिसमें सभी मिलकर खुशियां मनाते हैं। खासकर जब वे साधारण धागों से पतंग उड़ाते हैं। गीतांशु चक्रधारी, आयुष सोनवानी, प्रिंस कुर्रे, लक्ष्य दाऊ, रोहन दाऊ, खिलेश दीवान आदि मौजूद रहे।

## निधन

### हितेश निषाद

**महासमुंद।** शहर के सुभाष नगर निवासी व महासमुंद हरिभूमि जिला कार्यालय में कार्यरत हितेश निषाद (23) का आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम संस्कार भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जहां बड़ी संख्या में वार्डवासी व परिजन शामिल हुए। वे तिजमत निषाद के पुत्र एवं गणेश, सूरज एवं तोषण निषाद के छोटे भाई थे।



### जवाहरलाल ध्रुव

**महासमुंद।** ग्राम कनेकेरा निवासी जवाहर लाल ध्रुव (100) का निधन 14 जनवरी बुधवार को हो गया। अंतिम संस्कार गृहग्राम कनेकेरा में किया गया। जिसमें ग्रामीण समेत सामाजिकजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे सुमरित बाई व कचरा बाई के पति एवं अरूण, लखन, यमसिंह व विश्वनाथ ध्रुव के पिता थे।



# महर्षि विद्यालय में मनाया गया ज्ञान युग दिवस एवं वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- वार्षिकोत्सव में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक हुए शरीक

वार्षिकोत्सव प्रतिवर्षानुसार महर्षि विद्या मंदिर मचेवा में 12 जनवरी सोमवार को ज्ञान युग दिवस एवं वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि विनय कुमार लंगेह आईएएस कलेक्टर, अध्यक्षता प्रभात कुमार आईपीएस एसपी, विशिष्ट अतिथि मयंक पांडे आईएफओएस फॉरेस्ट ऑफिसर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं आरके तिवारी द्वारा पूजन स्थल दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात सुभाष पांडे और संदीप शर्मा ने मंत्रोच्चार से गुरु पूजन का कार्य कराया। गुरु पूजन के पश्चात अतिथियों का मंचासन हुआ। फिर क्रमशः सभी अतिथियों का प्राचार्य आरके तिवारी, वाइस प्रिंसिपल अर्चना गोतमारे, ग्वाल, किरण, द्विवेदी, खुशबू कुलदीप, वर्षा, गोविंद ने बुके, शाल और फल से स्वागत किया। प्राचार्य द्वारा सभी अतिथियों को सेसे लगाकर उनका स्वागत किया। स्वागत पश्चात कक्षा 11वीं एवं 12वीं के बच्चों द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज हुआ। जिसका संचालन दुष्यंत साहू हेड बॉय, ज्योत्स्ना शर्मा हेड गर्ल कर रहे थे। शिक्षिका भीमेश्वरी एवं समीर देवदास की टीम ने बहुत ही सुरीली स्वर में राजकीय गीत प्रस्तुत किये। कक्षा नर्सर केजी 1, केजी 2 के प्यारे -प्यारे बच्चों ने बहुत ही सुंदर एवं आकर्षक प्रस्तुति की। जिसको देखकर सभी दर्शकों ने उनका तालिया से उत्साह वर्धन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम से पहले आरके तिवारी ने अपनी उद्बोधन में महर्षि महेश योगी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अपने जीवन का उद्देश्य बनाया और आध्यात्मिक जीवन जीकर आज हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत बने।






### कार्यक्रम में छात्रों ने छत्तीसगढ़ी, लोक गीतों की दी आकर्षक प्रस्तुति

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभात कुमार एसपी ने ज्ञान युग दिवस के बारे में कहा कि यह संस्था की माध्यम से बच्चों में ज्ञान जो आज भी जरूरत है। साथ ही संस्कार पर काम कर रही हैं, जो समाज में व्याप्त बुराई, रूढ़िवादी सोच आदि का संपूर्ण सम्मान कर सकता कर सकते हैं जो प्रशंसनीय है। कक्षा पहली से कक्षा 12वीं तक के बच्चों ने विभिन्न राज्यों से जुड़े कार्यक्रम जिसमें कश्मीरी, राजस्थानी, गुजराती के साथ-साथ छत्तीसगढ़ी, लोकगीत पंथी, सुआ, कर्मा, ददरिया, राउत नाचा का सुंदर समावेश नृत्य के माध्यम से किया गया। बच्चों की इस उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखकर दर्शक मुग्ध हो गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ छात्र साहिल नवरंग, तुषार यादव की टीम ने पुराने फोटो व वीडियो का संग्रहण कर जबरदस्त पीपीटी तैयार किया था, जो बहुत ही आकर्षक था। जिसमें संस्था से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों योग, व्यायाम, खेलकूद, गीत संगीत, कराटे, ध्यान, सिद्धि,कक्षा अध्यापन, प्रार्थना सभा एवं विविध प्रकार की क्रिएटिविटी को दिखाया गया। अंतिम 10 सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन आनंद शेखर एवं आयुषी ध्रुव ने कार्यक्रम में समां बांधा। अंतिम कार्यक्रम जिसमें शिवजी की विभिन्न मुद्राओं के साथ-साथ उनके तांडव को प्रस्तुत किया गया, जो दर्शको को बहुत ही पसंद आया। कार्यक्रम में लगभग 1000 पालक, दर्शक के साथ-साथ विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन गोविंद ठाकुर और उपप्रिंसिपल अर्चना गोतमारे ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ. अनसूया अग्रवाल प्रिंसिपल स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय, विजय कुमार लहरे डीईओ, डॉ. जॉर्ज रावटे डायरेक्टर गुड शेफर्ड एवं जिला अध्यक्ष प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, राकेश श्रीवास्तव डायरेक्टर एम विद्या मंदिर, कुबेर प्रकाश गिरी प्राचार्य देव संस्कृति उमावि, महेंद्र जैन पूर्व पार्षद एवं डायरेक्टर होली फेथ स्कूल, आरपी तिवारी, दिनेश कुमार तिवारी, किरण ढीढी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, प्रमिला संजय ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत मचेवा, किशन देवांगन पूर्व सरपंच मचेवा, माखन सिंन्हा आदि मौजूद रहे।

**निर्माण कार्य:** खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आमाकोनी में हुआ कार्यक्रम

# आमाकोनी में 4.46 करोड़ के विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन व लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा अंतर्गत ग्राम आमाकोनी में विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 4 करोड़ 46 लाख 50 हजार की लागत से स्वीकृत एवं निर्मित विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी रहीं। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, विशेष अतिथि पूर्व विधायक प्रीतम दीवान, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रम ठाकुर, अलका चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, जमीन ठाकुर, जनपद सदस्य जानवी साहू, कल्पना सिंह, पिलेश्वर पटेल, आनंद साहू, स्मिता चंद्राकर, लोकेश पनोरिया, डॉली डिंपल ध्रुव, रूपेश साहू, पंकज चंद्राकर, धर्म दीवान, भुवन साहू, कार्तिक चक्रधारी, धनेश्वरी बघेल रहे।





स्वागत भाषण में सरपंच मीरा नंद दीवान द्वारा पंचायत में चल रहे विभिन्न योजना के बारे में बताया गया।

मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार गांव, गरीब, किसान और आदिवासी के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज ग्रामीण अंचलों में सड़क, पुल-पुलिया, पेयजल, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि 4 करोड़ 46 लाख 50 हजार की लागत से होने वाले ये विकास कार्य ग्राम आमाकोनी सहित आसपास के गांवों के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। इन कार्यों से आवागमन सुलभ होगा, किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। सांसद ने ग्रामीणों से अपील की कि वे विकास कार्यों की गुणवत्ता पर निगरानी रखें तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें।

अध्यक्षीय में भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज गांवों में हो रहा विकास इसी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आमाकोनी जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का स्वीकृत होना यह दर्शाता है कि सरकार गांव को शहरों के समान सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आग्रह किया कि वे सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समन्वय से ही ऐसे विकास कार्य संभव हो पाते हैं और आने वाले समय में खल्लारी विधानसभा में और भी बड़े विकास कार्य स्वीकृत किए जाएंगे। आभार प्रदर्शन ग्राम पंचायत के उपसरपंच धनेश्वरी बघेल ने किया।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा महामंत्री थान सिंह दीवान ने किया गया। जिसमें पंचगण माधुरी चक्रधारी, कलिंद्री मोंगरे, ममता चक्रधारी, पार्वती ठाकुर, लक्ष्नी ठाकुर, सरस्वती ठाकुर, द्वारका ठाकुर, जनक राम ठाकुर, हरिराम यादव, हरिराम चक्रधारी, बाबूलाल खड़िया, सचिव रिकी ढीढी, रोजगार सहायक ईश्वर लाल दीवान, चपरासी सुहाग चक्रधारी, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति रामसे चक्रधारी, गोरे चक्रधारी, मनोज यादव, सोनू निषाद, महेंद्र राणा, प्रकाश चक्रधारी, करण चक्रधारी,

## मकर संक्रांति पर प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में न्योता भोज, खेल-खेल में बच्चों ने मनाया पर्व



**पिथौरा (ग्रामीण)।** मकर संक्रांति पर्व पर शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में स्कूली बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यालय के शिक्षक दिलीप कुमार पटेल एवं तबस्सुम शेख का विशेष सहयोग रहा। पर्व की खुशियों के बीच बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न खेलों की भी व्यवस्था की गई। आंखों पर पट्टी बांधकर गेंद मारने जैसे खेलों ने बच्चों में खासा उत्साह भर दिया। बच्चों ने न केवल स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया, बल्कि खेलों के माध्यम से आपसी सहयोग, टीमवर्क, अनुशासन तथा हार–जीत के महत्व को भी समझा। पूरे विद्यालय परिसर में बच्चों की हंसी–खुशी और उल्लास का माहौल बना रहा। इस अवसर पर संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने अपने उद्बोधन में मकर संक्रांति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व केवल ऋतु परिवर्तन का संकेत नहीं, बल्कि परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच का संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे आयोजनों के माध्यम से निरंतर प्रयासरत है, ताकि शिक्षा के साथ–साथ संस्कार, आनंद और सामाजिक भावना भी मजबूत हो।

### भूमिपूजन में शामिल हुए लोगों का आभार माना



**नर्रा।** जनपद सदस्य एवं प्राधिकृत अध्यक्ष परसुली सोसायटी लोचन पटेल ने परसुली से बनियातोरा की बहुप्रतिक्षित सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों में सांसद, जिला एवं जनपद पंचायत, सरपंच, उपसरपंच एवं पंचगण, पुलिस शासन, प्रशासन, प्रिंट मीडिया का प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए आभार जताया है। रूपकुमारी चौधरी सांसद, प्रफुल्ल विश्वकर्मा अध्यक्ष लौह शिल्पकार बोर्ड राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त, ऐतराम साहू जिलाध्यक्ष भाजपा, चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद, भीखमसिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत, अल्का चंद्राकर डायरेक्टर इस्पात नईदिल्ली, स्मिता चंद्राकर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष, पिलेश्वर पटेल, नितिन जैन कोमाखान मंडल अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है।

# आदर्श महाविद्यालय लोहराकोट में प्राचार्य ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

शासकीय आदर्श महाविद्यालय लोहराकोट में 13 जनवरी को प्राचार्य प्रो. डॉ. अनुसुइया अग्रवाल डी. लिट् का आगमन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी अतिथि व्याख्याता, हॉस्टल वार्डन फलेश दीवान एवं सहायक ग्रेड 3 रामधीन सेंदरिया उपस्थित रहे। तत्पश्चात मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्राचार्य ने औपचारिक रुप से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के पश्चात अपनी प्रथम संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, अनुशासन, शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नैतिक मूल्यों के संवर्धन तथा शैक्षणिक वातावरण को और अधिक सुदृढ़ बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने यह भी कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरुप शिक्षण पद्धतियों में सुधार कर महाविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता के शिखर तक पहुंचाने का निरंतर प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित अतिथि व्याख्याताओं एवं कर्मचारियों ने प्राचार्य का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं शोध गतिविधियों के क्षेत्र में नई उपलब्धियां प्राप्त करेगा। अंत में प्राचार्य ने अपने अनुभव को साझा करते हुए सभी को प्रोत्साहित किया और साथ ही महाविद्यालय को सुचारु रुप से कियान्वित करने के लिए सभी को अपने-अपने दायित्वों से अवगत कराया।



# प्रेक्षक ने एसआईआर कार्यों के संबंध में राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संबंध में रोल ऑब्जर्वर भीम सिंह द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिले में मतदाता सूची से संबंधित दावा-आपत्तियों की सुनवाई के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, भारतीय समाजवादी पार्टी व आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधिगण, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन भूतड़ा एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी महासमुंद अक्षा गुप्ता मौजूद थे।

बैठक में प्रेक्षक भीम सिंह ने बताया कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आधारशिला है, इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे, इसके लिए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दावा-आपत्तियों की सुनवाई निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी और प्राप्त सभी आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण कर निष्पक्ष निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील किया कि अपने-अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करें, पात्र मतदाताओं का नाम सूची में जुड़वाने, अपात्र प्रविष्टियों को हटाने तथा आवश्यक संशोधन हेतु दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने में सहयोग करें। साथ ही उन्होंने कहा कि सुनवाई की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी रहेगी तथा सभी पक्षों को अपनी बात रखने का अवसर दिया जाएगा। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने बैठक में अपने सुझाव एवं शंकाएं रखीं, जिनका प्रेक्षक एवं अधिकारियों द्वारा समाधान किया गया। बैठक में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन भूतड़ा ने दावा-आपत्ति प्राप्त करने, उनके निराकरण, समय-सीमा, प्रपत्रों की जानकारी तथा सुनवाई की कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि प्राप्त आवेदनों की जांच बीएलओ एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा की जा रही है और सुनवाई के पश्चात विधिसम्मत रूप से मतदाता सूची में आवश्यक सुधार किया जाएगा। इसके अलावा बैठक में राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल (एनवीएसपी) के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान देने कहा।

# स्वच्छ एवं हरित विद्यालय का जिला स्तरीय पुरस्कार मिला रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के शैक्षणिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल को स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग 2025-26 कार्यक्रम के तहत प्रतिष्ठित जिला स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान विद्यालय के पर्यावरणीय प्रबंधन, स्वच्छता मानकों और टिकाऊ प्रथाओं के प्रति असाधारण प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।



जिला परियोजना कार्यालय महासमुंद द्वारा आयोजित इस वार्षिक रेटिंग प्रणाली का उद्देश्य स्कूलों में स्वच्छता और हरित पहल को बढ़ावा देना है। रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल ने कई कड़े मापदंडों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया है, जिसमें जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा दक्षता और हरित आवरण का रखरखाव शामिल है।

### सामूहिक प्रयासों से मिला गौरव का यह क्षणः पूजा

विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा शर्मा ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार हमारे पूरे विद्यालय परिवार को समर्पित छात्रों, शिक्षकों, सहायक स्टाफ और अभिभावकों के अथक सामूहिक प्रयासों का सीधा परिणाम है। स्वच्छ एवं हरित विद्यालय केवल एक नारा नहीं, बल्कि हमारी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा है। शर्मा ने आगे कहा कि हमारा मानना है कि एक स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण सीखने के अनुभव को बेहतर बनाता है और छात्रों में ज़िम्मेदारी की भावना पैदा करता है। यह मान्यता हमें भविष्य में और भी अधिक पर्यावरण-अनुकूल पहल करने के लिए प्रेरित करेगी। हम अपनी जल संचयन प्रणालियों को बेहतर बनाने और सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं। यह सम्मान न केवल उनके प्रयासों को मान्यता देता है, बल्कि महासमुंद जिले की एक उज्ज्वल और टिकाऊ भविष्य की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

